2.कश्मीरी सेब

https://www.youtube.com/watch?v=8zdHWeoEaZI
https://www.youtube.com/watch?v=Qk1XRD_DljA
[DD Chandana Samveda Class]

I. एक वाक्य में उत्तर लिखिए :

१. लेखक चीज़े खरीदने कहाँ गये थे ?

उत्तर : लेखक चीज़े खरीदने चौक में गये थे।

२. लेखक को क्या नज़र आया ?

उत्तर : लेखक को एक दुकान पर बहुत अच्छे रंगदार,गुलाबी सेब सजे हुए नज़र आया।

३.लेखक का जी क्यों ललचा उठा ?

उत्तर : लेखक का जी बहुत अच्छे रंगदार, गुलाबी सेबों को देखकर ललचा उठा।

४. टोमाटो किसका आवश्यक अंग बन गया है ?

उत्तर : टोमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है।

५. स्वाद में सेब किससे बढ़कर नहीं है ?

उत्तर : स्वाद में सेब आम से बढ़कर नहीं है।

६. रोज़ एक सेब खाने से किनकी ज़रूरत नहीं होगी ?

उत्तर : रोज़ एक सेब खाने से डाक्टर की ज़रूरत नहीं होगी।

II. दो-तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए :

१.आजकल शिक्षित समाज में किसके बारे में विचार किया जाता है ?

उत्तर : आजकल शिक्षित समाज में विटामिन और प्रोटीन के शब्दों में विचार किया जाता है। टोमाटो को पहले कोई भी न पूछता था। अब टोमाटो भोजन का आवश्य्क अंग बन गया है। गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी। अमीर लोग तो उसका हलवा ही खाते थे ; मगर अब पता चला है कि गाजर में भी बहुत विटामिन हैं; इसलिए गाजर को भी मेजों पर स्थान मिलने लगा है।

२. दूकानदार ने लेखक से क्या कहा ?

उत्तर : दूकानदार ने लेखक से कहा कि बाबूजी, बड़े मज़ेदार सेब आए हैं, खास कश्मीर के। आप ले जाएँ, खाकर तबीयत खुश हो जायेगी।

३.दूकानदार ने अपने नौकर से क्या कहा ?

उत्तर : दूकानदार ने तराजू उठायी और अपने नौकर से कहा - सुनो, आध सेर कश्मीरी सेब निकाल ला। चुनकर लाना।

४. सेब की हालत के बारे में लिखिए।

उत्तर : लेखक सुबह हाथ-मुँह धोकर जो नाश्ता करने के लिए एक सेब निकाले, तो सड़ा हुआ था। एक रुपए के आकार का छिलका गल गया था। दूसरा निकाला,आधा सड़ा हुआ था। तीसरा सेब निकाला,सड़ा तो न था ; मगर एक तरफ दबकर बिलकुल पिचक गया था। चौथा बेदाग था; मगर उसमें एक काला सुराख था जैसा अक्सर बेरों में होता है।काटा तो भीतर वैसे ही धब्बे,जैसे बेर में होते हैं। एक सेब भी खाने लायक नहीं था।

III. जोड़कर लिखिए :

अ	ब
१. सेब को रूमाल से बाँधकर	मुझे दिया।
२. फल खाने का समय तो	प्रातःकाल है।
३. एक सेब भी खाने	लायक नहीं।
४. व्यापारियों की साख	बनी हुई थी।

IV.विलोम शब्द लिखिए :

१. शाम x सुबह	९. संदेह x निस्संदेह
२.खरीदना x बेचना	१० साफ xगंदगी
३. बहुत x कम	११. बेईमान x ईमान
४. अच्छा x बुरा	१२. विश्वास x अविश्वास
५.शिक्षितx अशिक्षित	१३. सहयोग xअसहयोग
६. आवश्यक xअनावश्यक	१४. हानी xलाभ
७. गरीब x अमीर	१५. पासx दूर
८. रात x दिन	१६. ग़म xखुश

IV. अनुरूपता :

१. केला : पीला रंग :: सेब : गुलाबी रंग

२. सेब : फल :: गाजर : सब्जी

३. नागपुर : संतरा :: कश्मीर : सेब

४. कपड़ा : नापना :: टोमाटो : तौलना

VI. अन्य वचन लिखिए :

१. चीज़ें - चीज़
२.रास्ता - रास्ते
३. फल - फल
४. घर - घर
५. रुपए - रुपया
६. आँखें - आँख
७. कर्मचारी - कर्मचारियाँ
८. व्यापारी - व्यापारियाँ
९. रेवड़ी - रेवड़ियाँ
१०. दूकान – दूकानें

VII. प्रत्येक शब्द के अंतिम अक्षर से एक और शब्द बनाइए :

उदा : सेब बंदर रंग गरम

१. कान - नमक - कलम - मक्सद - दरवाजा
२. बाज़ार - राम - मर्मस्पर्शी - शरारत - तस्वीर
३. रूमाल - ललकार - रास्ता - तपस्या - यकायक
४. लेखक - किताब - बराबर - रसायन - नयन

VIII. निम्नलिखित वाक्यों को सही क्रम से लिखिए :

१. गाजर गरीबों भी पहले के पेट की चीज़ भरने थी।
गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी।

२. अब चीज़ नहीं है वह केवल स्वाद की।
अब वह केवल स्वाद की चीज़ नहीं है।

३.नहीं लायक खाने भी सेब एक।
एक सेब भी खाने लायक नहीं।

४. मालूम हुई घर आकर अपनी भूल।
घर आकर अपनी भूल मालूम हुई

IX. कन्नड अथवा अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए ;

१. गाजर भी पहले गरीबों के पेट भरने की चीज़ थी।
ಕೆಂಪುಮೂಲಂಗಿಯೂ ಸಹ ಮೊದಲು ಬಡವರ ಹೊಟ್ಟೆ ತುಂಬಿಸುವ ವಸ್ತುವಾಗಿತ್ತು.

२. दूकानदार ने कहा - बड़े मज़ेदार सेब आये हैं।
ಅಂಗಡಿಯವನು ಹೇಳಿದನು-ಬಹಳ ಸ್ವಾದಿಷ್ಟವಾದ ಸೇಬುಗಳು ಬಂದಿವೆ.

३. एक सेब भी खाने लायक नहीं।
ಒಂದು ಸೇಬು ಸಹ ತಿನ್ನಲು ಯೋಗ್ಯವಾಗಿರಲಿಲ್ಲ.

४. दूकानदार ने मुझसे क्षमा माँगी।
ಅಂಗಡಿಯವನು ನನ್ನಿಂದ ಕ್ಷಮೆ ಯಾಚಿಸಿದನು.